पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने लखनऊ विश्वविद्यालय को यू.जी.सी. द्वारा श्रेणी–1 का दर्जा प्राप्त होने पर दी बधाई

विश्वविद्यालय की विविध राष्ट्रीय–अंतर्राष्ट्रीय ग्रेडिंग में रैंकिंग उन्नयन प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण

मूल्यांकन में उपलब्धिपरक सफलता से विश्वविद्यालय की क्षमताओं में वृद्धि होती है

गुणवत्तापरक सुधार के लिए मूल्यांकन महत्वपूर्ण

लखनऊ विश्वविद्यालय की उपलब्धि प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों के लिए प्रेरक

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

राज्यपाल के मैराथन प्रयासों से प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों ने हासिल की गौरवपूर्ण उपलब्धियां

लखनऊ : 29 नवम्बर, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा किए गए मूल्यांकन में श्रेणी–1 विश्वविद्यालय का ग्रेड दिए जाने पर हार्दिक बधाई देते हुए निरंतर उन्नयन के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा विविध राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकनों में रैंकिंग उन्नयन करना और उपलब्धिपरक ग्रेड प्राप्त करना प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मूल्यांकनों में उपलब्धिपरक सफलताओं से विश्वविद्यालय

की क्षमताओं में वृद्धि होती है, जिसका सीधा लाभ उस विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को हासिल होता है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार के लिए मूल्यांकन महत्वपूर्ण है। लखनऊ विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि को राज्यपाल जी ने अन्य विश्वविद्यालयों के लिए प्रेरक बताते हुए उन्हें भी अपनी गुणवत्ता में निरंतर वृद्धि करने और उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया है।

यहाँ बताते चलें कि प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी द्वारा राज्य विश्वविद्यालयों में गुणवत्ता सुधार के साथ राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट रैंकिंग के लिए न केवल प्रोत्साहित किया गया अपितु निरंतर समीक्षा बैठकों और स्थलीय निरीक्षण के माध्यम से व्यापक दिशा–निर्देश भी दिया गया, जिसके परिणाम स्वरूप प्रदेश के कई विश्वविद्यालय नैक के उच्चतम ग्रेड 'ए प्लस प्लस', 'ए प्लस' तथा 'ए' ग्रेड प्राप्त कर प्रगति की दिशा में अग्रसर हैं। अभी हाल ही में जारी क्यू0एस0 साउथ एशिया रैंकिंग–2024 में भी नैक में 'ए प्लस प्लस' प्राप्त लखनऊ विश्वविद्यालय तथा दो अन्य विश्वविद्यालय दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, गोरखपुर और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ ने उल्लेखनीय स्थान हासिल कर साउथ एशिया के विश्वविद्यालयों में उत्कृष्टता स्थापित की है।

अब लखनऊ विश्वविद्यालय ने निरंतर प्रगति की ओर कदम बढ़ाते हुए यू0जी0सी0 द्वारा कैटेगरी–1 का जो दर्जा हासिल किया है, उससे विश्वविद्यालय को एकेडमिक तथा एडमिनिस्ट्रेटिव ऑटोनामी प्राप्त होगी। विश्वविद्यालय यू0जी0सी0 की मंजूरी के बिना संबंधित विषयों में एक नए कोर्स/कार्यक्रम/विभाग/स्कूल/केन्द्र को अपने मौजूदा शैक्षिक ढांचे का हिस्सा बना सकता है। सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि ओपेन स्टिेंट कांउसिल की मंजूरी के बगैर लखनऊ विश्वविद्यालय अपना दूरस्थ शिक्षा पाठयक्रमों को प्रारंभ कर सकेगा। विश्वविद्यालय अपने यहाँ अधिकतम 20 प्रतिशत विदेशी विद्यार्थियों को प्रवेश दे सकेगा, अपना करिकुलम डिजाइन कर सकेगा,

नए कोर्सेज शुरू कर सकेगा, यू0जी0सी0 से विविध प्रकार की ग्रांट ले सकेगा, ऑफ कैंपस शुरू कर सकेगा, रिसर्च पार्क इनक्यूबेशन सेंटर्स स्थापित कर सकेगा।

यहाँ बताते चलें कि यू0जी0सी0 देश भर के विश्वविद्यालयों को उनके राष्ट्रीय–अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शन के अनुसार और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय विविध रैंकिंग के अनुसार विभिन्न श्रेणियों में रैंकिंग तय करता है, जिसमें इस बार लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को उत्तर प्रदेश में श्रेणी–1 विश्वविद्यालय की रैंकिंग प्राप्त हुई है।

———

डॉ. सीमा गुप्ता,
सहायक निदेशक, राजभवन
सम्पर्क सूत्र–8318116361